# यूपी रोजगार व फैक्टरी इकाइयों दोनों में शीर्ष 5 राज्यों में शामिल

**लखनऊ/नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश रोज़गार और फैक्टरी इकाइयों दोनों में शीर्ष 5 राज्यों में शामिल हो गया है। इस सेक्टर में 2023-24 में रोजगार में 5.92% की वृद्धि दर्ज की गई। औद्योगिक सर्वेक्षण - 2023-24 के ताज़ा रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

पिछले दशक (2014-15 से 2023-24) में इस क्षेत्र ने 57 लाख से अधिक नौकरियां दीं। रोजगार के मामले में उत्तर प्रदेश तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक के साथ टॉप-5 राज्यों में शामिल हुआ है। पूरे देश में रोजगार के मामले में उत्तर प्रदेश की भागीदारी 8% रही है। यह रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश अब "बीमारू राज्य" की छवि से निकलकर भारत के औद्योगिक मानचित्र पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है।।

**यूपी में उद्योगों का तेजी से विस्तार:** रिपोर्ट के अनुसार कुल फैक्टरियों की संख्या में भी उत्तर प्रदेश का हिस्सा 8.51% है। यह देशभर में चौथे स्थान पर है। तमिलनाडु (15.43%), गुजरात (12.81%), महाराष्ट्र (10.20%) के बाद यूपी का स्थान औद्योगिक ढांचे की मजबूती को दर्शाता है। शीर्ष 5 उद्योगों में बेसिक मेटल, मोटर वाहन, केमिकल व केमिकल प्रोडक्ट्स, फूड प्रोडक्ट्स और फ़ार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं। इनमें यूपी का प्रदर्शन सराहनीय है।

## योगी सरकार की नीतियों का असर

ये नतीजे इस बात की पुष्टि करते हैं कि योगी सरकार द्वारा लागू की गई औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और बुनियादी ढांचे के सुधार अब जमीन पर नतीजे दे रहे हैं। यूपी में डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश ने राज्य को प्रमुख औद्योगिक राज्यों की सूची में ला खड़ा किया है।